# डिग्री कॉलेज के अतिथि विद्वान पर गंभीर आरोप

## सीएम हेल्पलाईन 181 में पहुंची शिकायत, कई छात्राओं को व्हाट्सएप कॉलिंग एवं चैटिंग करने का सनसनीखेज मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 जनवरी। पीएम एक्सीलेंस कॉलेज बैढ़न एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। कॉलेज में जियोलॉजी विषय के एक अतिथि विद्वान पर छात्राओं से आपत्तिजनक बातचीत, देर रात व्हाट्सएप कॉल और मानसिक दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। एक पीड़िता छात्रा के पति द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद यह मामला सार्वजनिक हुआ, जिससे कॉलेज प्रबंधन से लेकर शिक्षा विभाग तक में खलबली मच गई है।**

पीड़ित छात्रा के पति ने अपनी शिकायत में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि संबंधित अतिथि विद्वान सिवेश साकेत ने मेरी पत्नी को रात लगभग 10:30 बजे



व्हाट्सएप कॉल किया था। शिकायतकर्ता का कहना है कि कॉल के दौरान बातचीत का स्वर बेहद अश्लील और आपत्तिजनक था। पति ने यह भी दावा किया है कि उसके पास कॉल से जुड़े साक्ष्य मौजूद हैं, जिससे यह साबित होता है कि देर रात उक्त अतिथि विद्वान ने ही संपर्क किया था।पति के अनुसार देर रात कॉल आने से घर का माहौल असहज हो गया। जब पीड़िता छात्रा ने अपनी पति को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी, तो मामला बेहद गंभीर निकला।

इसी बातचीत के बाद पति ने पूरे मामले को नजरअंदाज न करते हुए सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज कराने का फैसला किया।

**सूत्रों का दावा, कई छात्राएं हैं परेशान, लेकिन चुप्पी मजबूरी:-** सूत्रों के मुताबिक यह मामला केवल एक छात्रा तक सीमित नहीं है। आरोप है कि उक्त अतिथि विद्वान लंबे समय से कई छात्राओं से चैटिंग करता रहा है और देर रात वॉइस कॉल करता है। बातचीत सामान्य शैक्षणिक दायरे से बाहर बताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि कॉल और चैट में अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता था, जिससे छात्राएं मानसिक रूप से परेशान रहती हैं। हालांकि, सामाजिक बदनामी, लोकलाज भविष्य खराब होने के डर और परीक्षा में नुकसान की आशंका के चलते अधिकांश छात्राएं खुलकर सामने नहीं आ पा रही हैं। कई छात्राएं शर्म और भय के कारण शिकायत करने से बचती रहीं, जिससे कथित तौर पर आरोपी के हौसले और बढ़ते चले गए। छात्राओं ने नाम न छापने के शर्त पर कलेक्टर एवं एसपी से जांच कराने की मांग की है।

### फेल करने की धमकी, नंबर दिलाने का लालच

सूत्रों के अनुसार अतिथि विद्वान द्वारा छात्राओं को यह भी कहा जाता था कि यदि उन्होंने किसी को इस बारे में बताया तो उन्हें किसी न किसी बहाने फेल कर दिया जाएगा या कॉलेज से नाम कटवा दिया जाएगा। यही नहीं, प्रैक्टिकल और आंतरिक मूल्यांकन में नंबर दिलाने और पास कराने का भरोसा भी दिया जाता था। डर और लालच के इस खेल ने छात्राओं को मानसिक दबाव में रखा। सूत्रों के मुताबिक उसने चैटिंग एवं व्हाट्सएप के माध्यम से रविवार को भी महाविद्यालय में आने के लिए बुलाता भी रहा है। हालांकि छात्राओं ने ऐसा करने से मना कर दिया है। शिकायत कर्ता के अनुसार उसने कथित अतिथि विद्वान ने अकेले में आने के लिए बोलता भी रहता है। लेकिन यह बात को किसी को पता न चले। अब यह मामला शिक्षा जगत को कलंकित करने वाला सामने आने के बाद महाविद्यालय प्रबंधन में हड़कंप मचा है।

### शिकायत के बाद कॉलेज प्रबंधन डैमेज कंट्रोल में

सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज होने की जानकारी मिलते ही कॉलेज प्रबंधन हरकत में आ गया। सूत्रों का कहना है कि प्रबंधन डैमेज कंट्रोल में जुट गया है और मामले को दबाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोप है कि शिकायतकर्ता पर आवेदन और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है, ताकि कॉलेज की छवि को नुकसान न पहुंचे। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम के बाद छात्राओं और अभिभावकों में आक्रोश है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि यदि शिकायत के बावजूद निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई, तो यह शिक्षा संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिह्न होगा।

### इनका कहना :-

मेरे संज्ञान में मामला आया है। पीड़ित पक्ष द्वारा आवेदन नही दिया गया है। सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से जानकारी मिली है। जांच के बाद-बाद कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जावेगी।

**डॉ. एमयू सिद्दिकी**
प्राचार्य, डिग्री कॉलेज, बैढ़न



# स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## मंत्री, विधायक, कलेक्टर व एसपी ने किया सूर्य नमस्कर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 जनवरी। स्वामी विवेकानंद जी जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कर के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित किया गया।**

उक्त कार्यक्रम में राज्य मंत्री राधा सिंह के मुख्य आतिथि में एवं सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, कलेक्टर गौरव बैनल, एसपी मनीष खत्री, जिपं सीईओ जगदीश गोमे, भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह के उपस्थित में सम्पन्न हुआ। सामूहिक सूर्य नमस्कर, प्रणायम एवं योग अभ्यास किया गया। साथ ही योगा गुरु श्याम सुंदर शाह, रामचंद्र यादव ने योगा अभ्यास कराया। योग अभ्यास में पार्षद सीमा जायसवाल, आशीष बैस, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति डॉ. आर डी पाण्डेय सहित अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर में

### सांसद कार्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती आयोजित




**सिंगरौली।** मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 40 में सांसद कार्यालय परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की भव्य प्रतिमा के बगल विवेकानंद जी की जयंती कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये विशिष्ट अतिथि के रूप मे भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य, सुभाष वर्मा, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक उपस्थित रहे। मंचीय कार्यक्रम में सांसद एवं जिलाध्यक्ष तथा सिंगरौली विधायक ने भी संबोधित किया।

### देवसर में रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम आयोजित



**देवसर।** शासकीय महाविद्यालय देवसर में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। जिसमें सर्वप्रथम प्रात:कालीन सत्र में विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया गया, जिससे शारीरिक एवं मानसिक सुदृढ़ता का संदेश दिया गया। तत्पश्चात रन फॉर स्वदेशी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए रैली के माध्यम से स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया एवं संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने गीत एवं भाषण के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये।



# विधायक की अध्यक्षता में फॉर्म 6, 7 व 8 की प्रगति की हुई समीक्षा

## हर्रहवा बूथ पर एसआईआर अभियान की समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 जनवरी। शक्ति केंद्र सासन के अंतर्गत बूथ क्रमांक 238 हर्रहवा में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें तहसीलदार, पटवारी, बीएलए एवं बीएलओ की उपस्थिति में फॉर्म 6, 7 एवं 8 से संबंधित कार्यों की गहन समीक्षा की गई।**

बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णत: शुद्ध, सटीक और त्रुटिरहित बनाना रहा। विधायक रामनिवास शाह ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए और किसी भी प्रकार की त्रुटि को समय रहते सुधारा जाए। उन्होंने विशेष रूप से नव मतदाताओं पर ध्यान देने की बात कही और कहा कि पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को जागरूक कर उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में यह भी कहा कि मृत, स्थानांतरित अथवा अपात्र मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाए जाएं, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह विश्वसनीय बने। फॉर्म 6 के माध्यम से नए मतदाताओं का पंजीयन, फॉर्म 7 से नाम विलोपन तथा फॉर्म 8 द्वारा संशोधन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विकास प्राधिकरण मंडल अध्यक्ष कमलेश शाह, सरपंच प्रतिनिधि बालकुमार प्रजापति, आशीष, अश्वनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोरवा मंडल अध्यक्ष पर कार्रवाई की लटकी तलवार

## भोपाल तक पहुंचा मामला, शीर्ष भाजपा नेतृत्व से हटाने के मिले संकेत, नोटिस का जवाब मिला, जिला अध्यक्ष ने की पुष्टि

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 जनवरी। भाजपा के मोरवा मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह कुरवंशी के खिलाफ कार्रवाई का मामला अब निर्णायक और बेहद संवेदनशील मोड़ पर पहुंच चुका है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने औपचारिक रूप से यह पुष्टि कर दी है कि मंडल अध्यक्ष द्वारा जारी नोटिस का जवाब पार्टी को प्राप्त हो गया है। इसके साथ ही अब संगठनात्मक कार्रवाई की तलवार पूरी तरह लटक गई है और किसी भी समय बड़ा फैसला सामने आ सकता है।**

26 दिसंबर को एनसीएल हेड ऑफिस के सामने सत्यनारायण बैस के साथ हुई कथित मारपीट की घटना ने भाजपा को अंदरूनी तौर पर झकझोर कर रख दिया है। मोरवा थाने में दर्ज इस मामले में मंडल अध्यक्ष और उनके आधा दर्जन साथियों पर गंभीर आरोप हैं। यह घटना केवल कानून-व्यवस्था का सवाल नहीं रही, बल्कि पार्टी की अनुशासनात्मक छवि पर सीधा हमला बन गई है। वहीं पार्टी सूत्रों के मुताबिक यह मामला अब सिंगरौली की सीमाओं से निकलकर राजधानी भोपाल तक पहुंच चुका है। भाजपा के शीर्ष नेताओं को



पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी जा चुकी है और संगठन के उच्च स्तर से मंडल अध्यक्ष को पद से हटाने के स्पष्ट संकेत मिले हैं। सूत्र यह भी बताते हैं कि संगठन अब किसी भी तरह की ढिलाई के मूड में नहीं है, क्योंकि मामला सामाजिक संतुलन, पार्टी की साख और आगामी राजनीतिक रणनीति से जुड़ चुका है। वैश्य समाज द्वारा मंडल अध्यक्ष के निष्कासन की मांग और ज्ञापन ने इस दबाव को और बढ़ा दिया है। समाज के प्रतिनिधियों का साफ कहना है कि यदि भाजपा ऐसे मामलों में कठोर निर्णय नहीं लेती, तो कार्यकर्ताओं और समाज के बीच गलत संदेश जाएगा।

### जिलाध्यक्ष की अग्निपरीक्षा, फैसला बनेगा राजनीतिक संदेश

अब पूरा मामला भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह के पाले में है। संगठन के भीतर यह सवाल तेजी से गूंज रहा है कि क्या पार्टी अनुशासन सर्वोपरि रहेगा या राजनीतिक समीकरण हावी होंगे। विपक्ष भी इस पूरे घटनाक्रम पर नजर टिकाए बैठा है और किसी भी नरमी को बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है। स्पष्ट है कि यह केवल एक मंडल अध्यक्ष पर कार्रवाई का मामला नहीं रहा, बल्कि भाजपा की आंतरिक अनुशासन नीति, सामाजिक विश्वास और नेतृत्व की दृढ़ता की परीक्षा बन चुका है। अब देखना यह है कि जिला अध्यक्ष संगठन की अपेक्षाओं पर कितना खरे उतरते हैं और क्या कार्रवाई का यह मामला भाजपा के लिए सख्त और स्पष्ट संदेश बन पाएगा।

# विंध्याचल में विश्व हिंदी दिवस पर काव्य गोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 12 जनवरी। एनटीपीसी विंध्याचल के उमंग भवन में संगम 50 कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।**




इस अवसर पर परियोजना से सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को भी आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना के कर्मचारियों द्वारा हिंदी कविताओं का सस्वर एवं भावपूर्ण पाठ किया गया, जिसे उपस्थित जनों ने अत्यंत सराहा। सभी श्रोताओं ने कविताओं का भरपूर आनंद लिया तथा वातावरण साहित्यिक रस से सराबोर हो गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक एके राजकुमार, महाप्रबंधक विनोद कुमार भराली, मानव संसाधन प्रमुख रुमा दे शर्मा सहित सभी यूनियन-एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रमुख श्री साहा ने विश्व हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं प्रोत्साहन के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया।

# जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 जनवरी। कलेक्टर द्वारा वर्ष 2026 के लिए जिले की सीमा क्षेत्र में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं।**



यह आदेश म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया गया है। आदेश के अनुसार जिले में 14 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति पोंगल, 2 मार्च को होली तथा 19 अक्टूबर को दशहरा महानवमी के अवसर पर स्थानीय अवकाश रहेगा। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ये स्थानीय अवकाश जिला एवं उप जिला स्तर के शासकीय कार्यालयों में लागू होंगे, जबकि बैंक और कोषालय इन अवकाशों के दायरे में नहीं आएंगे। साथ ही जिन शैक्षणिक संस्थानों में इन तिथियों पर परीक्षाएं पूर्व निर्धारित हैं, उन पर यह अवकाश प्रभावशील नहीं होगा और परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित की जाएंगी। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश की प्रतिलिपि संबंधित विभागों, अधिकारियों और संस्थानों को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रेषित कर दी गई है।

# मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाया जाना श्रेष्ठ रहेगा : एनपी

## इस वर्ष मकर संक्रांति 14 जनवरी माघ कृष्ण पक्ष एकादशी बुधवार को रात्रि में 9 :19 बजे, सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 जनवरी। मकर संक्रांति सनातन संस्कृति का एक अत्यंत पावन और शुभ पर्व है, इस वर्ष मकर संक्रांति 14 जनवरी माघ कृष्ण पक्ष एकादशी बुधवार को रात्रि में 9:19 बजे, सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इसका पुण्य काल 15 जनवरी, द्वादशी गुरूवार को प्रात: काल से दोपहर 1:19 तक रहेगा। अत: इस वर्ष मकर संक्रांति 15 जनवरी गुरुवार को मनाना श्रेष्ठ होगा।**

ज्योतिषविद् पं. डॉ. एन पी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर



बैढ़न के अनुसार मकर संक्रांति का समय उस समय से माना जाता है, जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस साल सूर्य का मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी की रात्रि 9 बजकर 19 मिनट पर हो रहा है। ऐसे में यह संक्रांति रात के समय घटित होनी चाहिए। लेकिन पंचांगों के अनुसार यदि सूर्य का राशि परिवर्तन रात्रि में होता है तो उस समय मकर संक्रांति का पर्व नहीं मनाया जाता है। क्योंकि मकर संक्रांति सूर्य से जुड़ा पर्व है, इसलिए इसका निर्णय सूर्योदय के आधार पर किया जाता है। सूर्य उदय के बाद मिलने वाले आठ घंटों को ही संक्रांति काल माना जाता है और उसी अवधि में मकर संक्रांति का पर्व विधि-विधान से मनाया जाता है। यानी मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाया जाना श्रेष्ठ रहेगा। शास्त्रों के अनुसार इस अवधि में किया गया स्नान-दान और पूजा कई गुना पुण्य फल प्रदान करती है।

### मकर संक्रांति पर दान का विशेष महत्व

मकर संक्रांति का पर्व दान-पुण्य के बिना अधूरा माना जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि इस दिन किया गया दान अक्षय फल प्रदान करता है, जिसका पुण्य कभी समाप्त नहीं होता। इस दिन दीन-दु:खी, असहाय और जरूरतमंदों की सेवा करने से भगवान सूर्य अत्यंत प्रसन्न होते हैं।

# एनटीपीसी सिंगरौली में विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 12 जनवरी। एनटीपीसी सिंगरौली-शक्तिनगर के सीएसआर, संजीवनी चिकित्सालय एवं वनिता समाज के समांजस्य से समाज कल्याण के अंतर्गत आसपास के सभी ग्रामीण जनों के लिए नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन 11 से 13 जनवरी तक संजीवनी अस्पताल में किया गया किया।**

इस नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर में प्रथम दिन 990 ग्रामीण आम जनों का पंजीकरण किया गया। इस नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्देश्य नेत्र



पीड़ित ग्रामीण लोगों की आंखों से संबन्धित रोगों को ठीक कराना, उन्हें उचित दवाई दिलाना एवं लोगों को आँखों की देखभाल के प्रति जागरूक कराना था। इस अवसर पर संदीप नायक परियोजना प्रमुख ने एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर विभाग संजीवनी चिकित्सालय एवं वनिता समाज की टीम को आसपास के समुदायों एवं दूर-दराज के क्षेत्रों के जरूरतमंद ग्रामीण जनों के लिए नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं जांच शिविर के आयोजन के लिए बधाई दी।



# सीएम राइज विद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास आयोजित

नवभारत न्यूज

**देवसर 12 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस के पावन अवसर पर आज दिन सोमवार को सीएम राइज स्कूल देवसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और योग के माध्यम से हम स्वस्थ शरीर व एकाग्र मन प्राप्त कर सकते हैं।आयोजन में एसडीएम अखिलेश सिंह, सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य लाला सिंह अन्य सहित मौजूद रहे।

# प्रदेशभर के 115 नन्हे तीरंदाजों ने दिखाया दमखम, 48 का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

## 16वीं मिनी एवं किड्स तीरंदाजी प्रतियोगिता 2026 का हुआ समापन, सिंगरौली के 19 प्रतिभागी चयनित, आंध्रप्रदेश में करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 जनवरी। मध्यप्रदेश अमेच्योर तीरंदाजी संघ के निर्देशन में सिंगरौली जिला तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित 16वीं मिनी एवं किड्स तीरंदाजी प्रतियोगिता 2026 का आज दिन सोमवार को बैढ़न स्थित राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में समापन हुआ।**

दो दिवसीय इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर-10, अंडर-13 और अंडर-15 आयु वर्ग की बालक एवं बालिका श्रेणियों में प्रदेशभर से आए 115 प्रतिभागी बच्चों ने उत्साह और अनुशासन के साथ अपनी तीरंदाजी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर चयन समिति द्वारा कुल 48 प्रतिभागियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया, जिसमें सर्वाधिक 19 प्रतिभागी सिंगरौली जिले से चयनित हुए। चयनित सभी खिलाड़ी आगामी दिनों में आंध्रप्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो जिले के लिए गर्व का विषय है।




जिला तीरंदाजी संघ के सचिव कृतदेव वैश्य एवं कोच इंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता म.प्र. अमेच्योर तीरंदाजी संघ के मार्गदर्शन एवं स्थानीय सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ियों के साथ-साथ जिन प्रतिभागियों का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन नहीं हो सका, उन्होंने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इनमें राजविका सिंह, हिमांशु, अयान, ज्योत्सना, आरव दुबे, विक्रम सिंह सहित अन्य बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि यह प्रतियोगिता सिंगरौली सहित पूरे प्रदेश में तीरंदाजी खेल को नई दिशा देगी और भविष्य में और अधिक खिलाड़ी देश का नाम रोशन करेंगे।

### नौनिहालों ने तीरंदाजी का दिखाया हूनर

दो दिवसीय उक्त प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों में अंडर-10 आयु वर्ग से ध्रुव शर्मा, एहित ओडियन, प्रतिष्ठका साकेत, सारा, मानवी और अभय वैश्य शामिल हैं। अंडर-13 आयु वर्ग में अथर्व सिंह, आदित्य सिंह, लक्ष्य बंसल, भार्गव भारती, भाव्या सिंह, आन्या दुबे और ध्रुव अग्निहोत्री का चयन हुआ है। वहीं अंडर-15 आयु वर्ग से एंजेल विनीश, प्रतिभा साकेत, आयुष प्रताप सिंह, अमय अग्रवाल, भाव्या जायसवाल और आयुष वैश्य ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर के लिए स्थान सुनिश्चित किया।